# रखरखाव और मरम्मत के नाम पर हुए लाखों के भुगतान

### ग्राम पंचायत करणपिपरिया में का मामला नियम विरुद्ध भुगतान करने के आरोप

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव,7 जून. जनपद पंचायत जुन्नारदेव के स्ट्रीट लाइट घोटाला थमने का नाम नही ले रहा है । इसी कड़ी के जुन्नारदेव जनपद की ग्राम पंचायत करणपिपरिया का एक मामला सामने आया है जिसमे नियमों की अनदेखी और मनमाना भुगतान किया गया ।**

दस्तावेजों के विश्लेषण से पता चलता है कि स्वीकृत कार्य की राशि का उपयोग नियमानुसार करने के बजाय, पंचायत द्वारा अन्य मदों और कार्यों के लिए भारी भुगतान कर भारी भ्रष्टाचार करने के आरोप लग रहे हैं। स्वीकृत वर्क आईडी से ना कर अन्य मेंटनेंस के नाम पर निजी फर्म को एलईडी स्ट्रीट लाइट के रखरखाव के नाम पर अलग-अलग तिथियों में बड़ा भुगतान किया गया है।

दिनांक 19/02/2026 को बिल संख्या एनबी 780 के माध्यम से 65,669 रुपये का भुगतान किया गया, दिनांक 22/02/2026 को बिल संख्या एनबी 781 के माध्यम से 47,916 रुपये का भुगतान किया गया, दिनांक 24/02/2026 को बिल संख्या एनबी 782 के माध्यम से 1,44,509 रुपये का भुगतान किया गया है। जबकी ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट का पूर्व में भी कोई कार्य हुआ ही नही तो रखरखाव ओर मरम्मत के नाम पर स्ट्रीट लाइट सामग्री के लाखों रु के हुए भुगतान संदेह पैदा कर रहे है स्पष्ट है कि किये गए उक्त भुगतान पूर्ण रूप से फर्जी है जो ग्राम पंचायत के कर्मचारियों और जनपद के अधिकारियों की मिलीभगत की ओर खुला इशारा करता है।

### बिजली चोरी और जवाबदेही पर सवाल

स्थानीय ग्रामीणों और प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पर विद्युत विभाग द्वारा दिनांक 05 मई 2026 को बिजली चोरी का मामला भी दर्ज किया गया है जिसमे लगभग 1,19,398 रुपए का जुर्माना लगाया गया है । ग्रामीणों में चर्चा है कि इस जुर्माने की राशि का भुगतान भी ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिए आवंटित फंड से ही किया जायगा जबकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब बिना हैडिंग ओवर किये लाइन टेस्ट नही की जा सकती तो फिर कैसे ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा चोरी से बिजली जलाई जा रही थी और जब जिम्मेदारों द्वारा ही बिना कनेक्शन लिए बिजली चोरी से स्ट्रीट लाइट रोशन की जा रही थी ग्रामीणों ने जिले के संवेदनशील कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच दल से निष्पक्ष जांच की मांग की है क्योकि स्ट्रीट लाइट के लिए स्वीकृत मूल बजट से भुगतान ना कर मरम्मत के नाम से हुए भुगतानों ओर शासन की राशि के हुए इस दुरुपयोग की उच्च स्तरीय जांच की जाए।

### अंत्येष्टि सहायता मद से भुगतान

इसके अतिरिक्त,ग्राम पंचायत द्वारा विधुत विभाग को किये जाने वाले सुपरविजंन चार्ज के भुगतान को भी शासकीय संस्था को भुगतान का बिल, अग्रिम तथा अंत्येष्टि सहायता मद से नियमविरुद्ध रूप से दिनांक 15/11/2025 को बिल संख्या 134838 के जरिए बिजली कनेक्शन के लिए 19,749 रुपये का भुगतान (ईपीओ क्रमांक 3674551) किया गया है जो कि स्वीकृत कार्य की स्वीकृत राशि मे सम्मिलित है इस प्रकार अलग अलग मदो से हुआ भुगतान लगभग 277843 रु का है।

### इनका कहना है...

पंजीकृत वर्क के स्वीकृत राशि से ही भुगतान के नियम है और मद परिवर्तन कर भुगतान नही किया जा सकता आपके द्वारा मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है जांच करवाता हूँ ।

**अमित दुबे**
**सहायक यंत्री ,जनपदपंचायत जुन्नारदेव**

## पति से विवाद होने के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में पति पत्नी विवाद के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मी पति अर्जुन बंजारा कोतवाली थाना क्षेत्र के रहने वाले है। बीती रात 8 बजे करीब दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। विवाद के बाद पत्नी कमरे में चली गई। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद वह साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। इधर पति ने जैसे ही दरवाजा खटखटाया उसने नहीं खोला। इसे बाद पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। महिला फंदे पर झूली हुई थी। उसे फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पुलिस ने एक रात में पकड़े 120 फरार वारंटी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जून. जिले की पुलिस टीम ने एक ही रात्रि में 33 स्थायी व 87 गिरफ्तारी की गई। इस प्रकार कुल 120 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। सभी गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। थाना कुंडीपुरा ने गस्त के दौरान सर्वाधिक वारंट तामील किए।**

जिसमें 08 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 20 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपीर जितेन्द्र जाट के नेतृत्ध्व में 04 स्थायी व 05 गिरफ्तारी, कुल 09 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपी भारती जाट के नेतृत्ध्व में 03 स्थायी व 07 गिरफ्तारी की गई। इस तरह कुल 10 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। ।जिले के गुंडा निगरानी बदमाश, जिला बदर के अपराधियों, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियो की जांच की गई। वही गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तयाबी की गई। जिसमें 101 गुंडा बदमाश, 76 निगरानी बदमाश, 01 जेल से रिहा आरोपी एवं 42 कबाड़ियो को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया। थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों में 02 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। वही अवैध शराब की तस्करी, खुले स्थ्थान शराब पीने वाले 38 व्यक्तियों से 250 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# चेन स्नेचिंग करने वाला आरोपी धराया

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जून. चांद थाना क्षेत्र में चेन स्नैचिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया है। पूछताछ में उसने गुनाह करना कबूल लिया है। उसके पास से सोने की चेन और पैंडिल सहित अन्य मषरूका जब्त कर लिया है।** आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। प्रार्थिया प्रगति ने 5 जून को चांद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपनी बेटी के साथ स्कूटी से छिंदवाड़ा से चांद जा रही थी। इस दौरान रास्ते में एक बिना नंबर की स्कूटी से एक अज्ञात व्यक्ति पीछे करते हुए आ रहा था। उक्त अज्ञात ने शहपुरा से पहले मेन रोड पुलिया के पास में प्रार्थिया की गले से झपट्टा मारकर सोने की चेन और पेंडल खींचकर भाग निकला। जिसकी बाजार में तकरीबन 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत आंकी गई है। षिकायत पर धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया। शिकायत के बाद पुलिस ने दुकानों आने जाने वाले राहगीरों, बस ड्रायवरों से पूछताछ कर नीली स्कूटी वाले अज्ञात व्यक्ति की पतासाजी की गई। इस दौरान उक्त व्यक्ति की पहचान हरिओम पिता रामा नरवरे 26 साल निवासी ग्राम भांडखापा चौकी उमरानाला हाल कुसमेली टेकड़ी की गई। उक्त युवक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार कर लिया। घटना में चोरी गई सोने की चेन और घटना में प्रयुक्त स्कूटी जप्त कर आरोपी को जेल भेजा गया है।

## कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने लगाया नि :शुल्क शिविर

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जून.** जिला कांग्रेस डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को गोधूली वृद्धाश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद बुजुर्गों को नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रही है तथा समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के साथ खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध है. जिला कांग्रेस डॉक्टर एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि वृद्धाश्रमों में निवासरत बुजुर्गों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श की आवश्यकता होती है।


IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 Serving the Education for the Past 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours AICTE APPROVED COURSE
B.C.A. MCU
M.Sc. CS
Honours B.Sc. Maths
B.Sc. Biology
B.Com. Honours
M.Com.
B.A. Honours
B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383
97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com


## ट्रेक्टर दुर्घटना में मृतक किसान के परिवार को मिले मुआवजा : किसान कांग्रेस

**छिंदवाड़ा,7 जून.** जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने वक्तव्य जारी कर बताया कि मानसून की दस्तक को देखते किसान खरीफ फसल की बोनी की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं ।जिले के चॉद थाना क्षेत्र के ग्राम उभेगांव के किसान गेंदसिंह वानखड़े के कृषि कार्य के दौरान ट्रेक्टर सहित कुॅये में गिरने से दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो गई ।जिला किसान कांग्रेस की ओर से दुख जताते हुये राज्य सरकार और जिला प्रशासन से प्रभावित किसान परिवार को मुआवजा राशि दिये जाने की मांग की है ।जिले के किसानों से उन्होनें कृषि कार्य पूरी सावधानी और सुरक्षा से करने की अपील की है ।

## विश्व साइकिल दिवस पर पुलिस लाइन से निकाली गई रैली

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,7 जून.** विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 7 जून को संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सभी की सहभागिता से स्थानीय पुलिस लाइन छिंदवाड़ा से रविवार सुबह 7 बजे साइकिल रैली निकाली गई। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि रैली पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर इंदिरा चौराहा, पोला ग्राउंड, ईएलसी चौक से टर्न होकर कलेक्टर कार्यालय के सामने से होते हुए सत्कार चौक और बस स्टैंड मार्ग से वापस पुलिस लाइन पहुंचकर संपन्न हुई। साइकिल रैली में जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं, खिलाड़ियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर विक्रम अहके एवं अपर कलेक्टर धीरेंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति रही।


आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि: शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766






एक्स-शोरूम कीमत ₹74,600~
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK | SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. *T&C apply. ~Ex-Showroom Price of Destini110 VX in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/12/25



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589